## खबर संक्षेप

### यात्री बस की टक्कर से बाइक चालक घायल

**अमानगंज।** पुलिस थाना अमानगंज से प्राप्त जानकारी अनुसार शाहनगर से मोटरसाइकिल चालक पन्ना की ओर जा रहा था कि, तभी पिपरवाह पेट्रोल पंप के पास यात्री बस की टक्कर से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी अनुसार शाहनगर निवासी अलबक आदिवासी उम्र 19 वर्ष अपनी मोटर साइकिल पर सवार होकर किसी काम से जिला मुख्यालय पन्ना जा रहा था की तभी पिपरवाह पेट्रोल पंप के नजदीक दोपहर लगभग 3 बजे पन्ना की ओर से आ रही छंगे राजा कंपनी की यात्री बस से टक्कर हो गई और घायल हो गया। यह यात्री बस क्रमांक एमपी 35 0285 आ रही थी पन्ना से कटनी के लिए जा रही थी।

### केन्द्रीय विद्यालय के बच्चों ने पुलिस अधिकारियों को बाँधी तिरंगा राखी



**पन्ना।** पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पन्ना के विद्यार्थियों ने रक्षाबंधन के अवसर पर थाना कोतवाली पहुंचकर पुलिस अधिकारियों को आज तिरंगा राखी बांधी। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एस.पी. सिंह बघेल, थाना प्रभारी रोहित मिश्रा एवं टीआई ट्रैफिक नीलम लक्षकार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। विद्यालय के कक्षा चौथी एवं पांचवीं के विद्यार्थियों द्वारा राखियों को हाथ से तिरंगे की थीम पर बनाया गया था। विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई राखियों की सभी ने सराहना की। विद्यार्थियों ने अपने नन्हें हाथों से तैयार इन राखियों को पुलिसकर्मियों के हाथों में बांधा और उनसे समाज में भाईचारे और सुरक्षा बनाए रखने की अपील की। एसडीओपी श्री बघेल ने विद्यार्थियों को पुलिस के कार्य, जिम्मेदारियों और जनता की सेवा में पुलिस की भूमिका के बारे में बताया। बच्चों ने नजदीक से पुलिस का काम-काज देखा और सीखा कि सुरक्षा सिर्फ ड्यूटी नहीं, बल्कि सेवा का संकल्प होता है। इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक दीपेश चौधरी, हरिओम शरण, अनुराग शर्मा, अमान मलिक और आफिया बच्चों के साथ उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बच्चों की इस पहल की सराहना की और उन्हें मिठाइयां वितरित कर शुभकामनाएं भी दीं। यह कार्यक्रम विद्यालय प्राचार्य अमित दाहिया के निर्देशन में हर घर तिरंगा अभियान के तहत किया गया।

देवेंद्रनगर में विज्ञान संकाय की बहुप्रतीक्षित शुरुआत का मामला पहुँचा विधानसभा तक

# चार दशक की उपेक्षा पर टूटी चुप्पी, सिविल अस्पताल, एसडीएम कोर्ट, ब्लॉक, स्कूलों और थानों में स्टाफ की माँग तेज, ग्रामीण संपर्क मार्गों की हालत पर बढ़ता जनाक्रोश

देवेन्द्रगनर।

पन्ना जिले का देवेंद्रनगर क्षेत्र वर्षों से जिस शैक्षणिक उपेक्षा और असंतुलन का सामना कर रहा था, अब वह आवाज विधानसभा तक पहुँच चुकी है। शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवेंद्रनगर में विज्ञान संकाय की माँग को स्थानीय विधायक डॉ. राजेश वर्मा ने जोरदार तरीके से विधानसभा में उठाया। सरकार ने स्पष्ट किया कि विज्ञान संकाय की कक्षाएँ प्रारंभ करने की प्रक्रिया जारी है। यह उत्तर सिर्फ एक प्रश्न का समाधान नहीं, बल्कि यह उन असंख्य विद्यार्थियों की आशाओं की जीत है, जो वर्षों से शिक्षा के अधिकार से वंचित थे। साथ ही यह उस पत्रकारिता की भी नैतिक विजय है, जो जनहित के मुद्दों को निरंतर और निष्ठा से उठाती रही है। दैनिक हरिभूमि द्वारा वर्षों से प्रकाशित जनधर्मी रिपोर्टों ने शासन को इस उपेक्षित अंचल की ओर देखने को विवश कर दिया।



### शिक्षा में संतुलन की माँग-

अब तक देवेंद्रनगर कॉलेज में केवल कला संकाय संचालित था, वह भी सिर्फ स्नातक तक,जिससे विज्ञान एवं स्नातकोत्तर पढ़ने की इच्छा रखने वाले ग्रामीण छात्र-छात्राओं को या तो पलायन करना पड़ता था या पढ़ाई छोड़नी पड़ती थी। विज्ञान संकाय की शुरुआत से अब क्षेत्र में शिक्षा के समावेशी और संतुलित विकास की उम्मीदें सशक्त हुई हैं।

### स्वास्थ्य और प्रशासनिक सेवाओं की घोर कमी-

देवेंद्रनगर का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र वर्षों से सिविल अस्पताल में उन्नयन की माँग कर रहा है। स्टाफ और उपकरणों की कमी के कारण अधिकांश मरीजों को पवई, पन्ना या सतना जैसे दूरस्थ स्थानों का रुख करना पड़ता है। इसी तरह, एसडीएम कोर्ट और स्वतंत्र ब्लॉक कार्यालय की अनुपलब्धता आम नागरिकों के लिए भारी असुविधा का कारण बन रही है। छोटे-छोटे कार्यों के लिए ग्रामीणों को 20 से 40 किलोमीटर तक भटकना पड़ता है।



### ग्रामीण संपर्क मार्ग जर्जर, विकास अवरुद्ध-

देवेंद्रनगर से लगे गुखौर, राजापुर, मड़ई, कल्पा, दोअनटोला जैसे अनेक गांव आज भी खस्ताहाल संपर्क मार्गों से जूझ रहे हैं। मामूली बारिश में पुल-पुलियों पर पानी बहने लगता है और गांवों का संपर्क पूरी तरह कट जाता है। कीचड़, गड्ढों और अव्यवस्था से स्कूली बच्चों की उपस्थिति, मरीजों की एंबुलेंस तक पहुँच और ग्रामीण अर्थव्यवस्थाकृतीनों ही प्रभावित हो रहे हैं।

### शहर की सड़कें बदहाल, टोल वसूली पर उठते सवाल-

देवेंद्रनगर को सलेहा, सतना और पन्ना से जोड़ने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग जर्जर हालत में पहुँच चुका है। गहरे गड्ढों, उखड़ी परतों और धूलभरे वातावरण में वाहन चलाना जोखिम से खाली नहीं। आश्चर्यजनक रूप से, ऐसी बदतर स्थिति के बावजूद इस मार्ग पर टोल वसूला जा रहा है, जिससे नागरिकों में भारी आक्रोश है। सड़क की बदहाली के कारण हो रहीं दुर्घटनाएँ प्रशासन की उदासीनता को उजागर करती हैं।

### स्कूलों और थानों में स्टाफ की भारी कमी-

देवेंद्रनगर क्षेत्र के अधिकांश प्राथमिक, माध्यमिक और हायर सेकेंडरी स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी है, विशेषकर विज्ञान, गणित और अंग्रेजी जैसे प्रमुख विषयों में। इससे विद्यार्थियों की नींव कमजोर हो रही है और प्रतियोगी परीक्षाओं में पिछड़ने का डर बढ़ रहा है। वहीं, पुलिस चौकियों और थानों में स्टाफ की कमी से सीमावर्ती गाँवों में अतिक्रमण, मवेशी चोरी और नशाखोरी जैसे अपराधों पर प्रभावी अंकुश नहीं लग पा रहा।

### अब सरकार की परीक्षा है-

अब जब यह मामला विधानसभा में पहुँच चुका है और सरकार ने कार्यवाही प्रारंभ करने की बात कही है, तो यह देखना होगा कि क्या यह सिर्फ कागजी प्रक्रिया बनकर रह जाएगी या वास्तव में दशकों की उपेक्षा समाप्त होगी? क्या विज्ञान संकाय धरातल पर उतरेगा? क्या सिविल अस्पताल, एसडीएम कोर्ट, ब्लॉक, शिक्षक व पुलिसकर्मियों की नियुक्तियाँ, तथा संपर्क मार्गों का सुधार शीघ्र होगा।

# त्योहारों की परंपरा और आत्म निर्माण की भावना को संजोते हुए- सरस्वती विद्यालय में स्वदेशी राखी निर्माण कार्यशाला सम्पन्न



**देवेंद्रनगर।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, देवेंद्रनगर में आज एक भावनात्मक, सांस्कृतिक और रचनात्मक पहल के रूप में ष्स्वदेशी राखी निर्माण कार्यशालाष् का आयोजन भैया-बहनों द्वारा सम्पन्न किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल रचनात्मक गतिविधियों में भागीदार बनाना नहीं था, बल्कि भारतीय त्योहारों के मूल भाव, आत्मनिर्भरता और भाई-बहन के पवित्र बंधन की गरिमा को उनके मन-मस्तिष्क में पुनर्स्थापित करना था। भारत त्योहारों की भूमि है, पर आज की पीढ़ी बाजारवाद की चकाचौंध में अपने ही उत्सवों की आत्मा से दूर होती जा रही है। रक्षाबंधन केवल एक धागा बाँधने की परंपरा नहीं, बल्कि संस्कार, समर्पण और स्नेह का प्रतीक है। ऐसे में सरस्वती विद्यालय द्वारा आयोजित यह कार्यशाला एक सांस्कृतिक पुनर्जागरण का माध्यम बनी। इस अवसर पर भैया-बहनों ने अपने हाथों से सुंदर, आकर्षक और पूर्णतरू स्वदेशी राखियाँ तैयार कीं। इस रचनात्मक प्रक्रिया में केवल कला नहीं, बल्कि भावनाएँ भी गुँथी रहीं कृ बाजार की राखी में चमक हो सकती है, परंतु हाथ से बनी राखी में आत्मीयता की महक होती है। कार्यशाला को विशेष बनाने वाली एक और बात है सरस्वती शिक्षा पद्धति की विशिष्ट परंपरा, जहाँ विद्यार्थियों को ष्स्टूडेंटष या ष्छात्र-छात्राष नहीं, बल्कि ष्भैयाष और ष्बहनष कहकर संबोधित किया जाता है। यही परंपरा रक्षाबंधन जैसे पर्वों को इस विद्यालय में और भी अर्थपूर्ण बना देती है। जब एक बहन अपने भैया के लिए अपने हाथों से राखी बनाए, तो उसमें केवल धागा नहीं होता कृ उसमें स्नेह, आशीर्वाद और संस्कृति की सुगंध होती है।

### विद्यालय के प्राचार्य श्री पूरन सिंह राजपूत ने कहा-

हमारे त्योहार केवल परंपराएं नहीं, बल्कि जीवन जीने की भारतीय शैली हैं। जब भैया-बहन अपने हाथों से कुछ बनाते हैं, तो उसमें केवल रचना नहीं, बल्कि भावना, बंधन और आत्मनिर्भरता की शिक्षा भी जुड़ी होती है। सरस्वती विद्यालय का प्रयास यही है कि हर विद्यार्थी भारतीय संस्कृति का संवाहक बने। सरस्वती शिशु मंदिर देवेंद्रनगर न केवल एक शिक्षण संस्थान है, बल्कि यह संस्कार, संस्कृति और स्वदेशी चेतना का जीवंत केंद्र बन चुका है। यहाँ शिक्षा केवल परीक्षा पास करने का माध्यम नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और राष्ट्रनिर्माण की नींव है। कार्यशाला के समापन पर भैया-बहनों के चेहरों पर गर्व, उल्लास और आत्मीयता झलक रही थी। यह आयोजन आने वाले रक्षाबंधन पर्व को केवल एक रस्म नहीं, बल्कि संस्कार और स्वदेशीता का उत्सव बना देगा।

नवीन साप्ताहिक बाजार स्थल की डीपीआर तैयार

# कमलाबाई तालाब के निकट स्थानातंरण की कार्यवाही जारी

शनिवार की रात्रि एवं रविवार को थोक सब्जी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित

पन्ना।

कलेक्टर सुरेश कुमार के निर्देशानुसार पन्ना नगर में रविवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार को सुव्यवस्थित करने एवं आवागमन को सुगम बनाने तथा नागरिकों की सुविधाओं के दृष्टिगत पुलिस, यातायात एवं प्रशासन के सहयोग से विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं। जिसके तहत छत्रसाल पार्क के पास लगने वाले रविवारीय साप्ताहिक बाजार को स्थानांतरित करने के लिए कमला बाई तालाब के पास भूमि आवंटन की कार्यवाही की जा रही है। इसके लिए नवीन स्थल पर सर्वसुविधायुक्त सब्जी मण्डी व हाट बाजार बनवाने की डीपीआर तैयार कर ली गई है। सीएमओ उमाशंकर मिश्रा ने बताया कि वैकल्पिक व्यवस्था होने तक निर्णय लिया गया है कि जब तक वर्तमान साप्ताहिक हाट बाजार नवीन स्थल पर स्थानांतरित नहीं हो जाता, तब तक आवागमन सुगम बनाने व नागरिकों को परेशानियों से बचाव के लिए शनिवार रात व रविवार को उक्त साप्ताहिक हाट बाजार में प्रवेश करने वाले थोक सब्जी व अन्य सामग्री लाने वाले बडे.वाहन तथा अन्य चार पहिया वाहनों का हाट बाजार में प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। ये वाहन अपनी सब्जी व अन्य सामग्री आगामी व्यवस्था होने तक अजयगढ़ बायपास पर भारतीय स्टेट बैंक ट्रेनिंग सेंटर के बगल में खेर माता के पास अनलोड करेंगे। यहां से फुटकर सामग्री क्रेता साप्ताहिक हाट बाजार में अपने साधन से लाएंगे। प्रतिबंधित क्षेत्र में उक्त वाहन पाए जाने पर कार्यवाही की जाएगी।

शिक्षकों को सम्मानित करना पुनीत कार्य हैः पुलिस अधीक्षक साईंकृष्ण एस थोटा

# बच्चों के बेहतर भविष्य के निर्माता हैं शिक्षक

हरिभूमि, पन्ना





शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन पूर्व की तरह इस वर्ष भी 8 अगस्त को एक बार फिर इतिहास में साक्षी बना। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर पन्ना सुरेश कुमार जिन्होंने शिक्षक सम्मान के इस कार्य को लेकर मीडिया की भूमिका में सर्वोत्तम कार्य ठहराया वहीं छात्रों के हक में शिक्षकों के द्वारा बहुत अच्छा कार्य करने को लेकर प्रेरित किया। शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने वाले सूबेदार पुष्पेन्द्र तिवारी के कार्यों को भी मुख्य अतिथि ने सराहना की। साथ ही पुलिस अधीक्षक साईंकृष्ण एस थोटा ने जहां शिक्षक सम्मान समारोह में विशिष्ट अतिथि की असंदी से शिक्षकों को सम्मानित करना पुनीत कार्य बताया। वहीं सहायक संचालक शिक्षा अमित जैन ने भी अच्छे कार्य के रूप में इसे बयां किया। डीपीसी अजय कुमार गुप्ता ने जिले में शिक्षकों की दक्षता व कार्य से प्रदेश स्तर तक जो कार्य किये जा रहे है उसको सराहा। जिला शिक्षा अधिकारी ने भी इस कार्यक्रम को लेकर शिक्षकों के दायित्वों व कर्तव्यों के निर्वाहन में जहां इस तरह के कार्यक्रमों से प्रोत्साहन मिलना उचित बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए दक्षिण वन मण्डल अधिकारी पन्ना अनुपम शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चों के बेहतर भविष्य के निर्माता शिक्षक होते है वहीं बच्चे तो पौधों की तरह होते है जिनको आप सभी ऊर्जा देते है। शिक्षक सम्मान समारोह में जहां प्राचार्यों सहित शिक्षकों के कर्तव्यों के बदौलत जो आज शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर परिणाम जिले में साबित हुए वहीं प्राचार्यों की भूमिका साथ ही शिक्षकों के दायित्व व कर्तव्यों को ध्यान में रखकर उन्हें सम्मान से नवाजा गया। शिक्षक वह मोम बत्ती है जो स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाश की दिशा देने को लेकर जाने जाते है। राष्ट्र के निर्माता के रूप में योगदान हमारे शिक्षकों का ही सर्वश्रेष्ट है। जिले में प्राथमिक शिक्षा से लेकर माध्यमिक शिक्षा व हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी में छात्र-छात्राओं के भविष्य के निर्माण को लेकर जिन शिक्षकों का योगदान है वहीं उनके प्राचार्यों का मार्गदर्शन जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में आज शिक्षा के क्षेत्र में जो सतत जिला विकास की दिशा तय कर रहा है जहां शिक्षक सम्मान समारोह के कार्यक्रम में सभी ऐसे शिक्षकों व प्राचार्यों को सम्मान से नवाजा जो शुक्रवार 8 अगस्त का दिन साक्षी बना। कार्यक्रम में अन्य अतिथियों में प्रमुख रूप से श्यामेन्द्र सिंह उर्फ, सूबेदार पुष्पेन्द्र तिवारी, डॉ. अभिषेक जैन विनोद मिश्रा वरिष्ठ पत्रकार मौजूद थे। इस अवसर पर शासकीय रूद्र प्रताप उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 की प्राचार्या श्रीमती सुधा पटेरिया, शासकीय रूद्र प्रताप उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 की प्राचार्या श्रीमती रंजना खरे सहित अन्य प्राार्चायों को विशिष्ट सेवाओं के लिये सम्मानित किया गया। वहीं जिलेभर से प्राचार्यों तथा शिक्षकों की उपस्थिति के साथ-साथ डाईट सभागार में जहां सीएसी, बीएसी तथा अन्य शिक्षकगणों की उपस्थिति देखते ही बनती थी। अजय चैरसिया सलेहा, विनोद पाठक पवई, राजकमल पाण्डेय शाहनगर, नन्हें खान अजयगढ़, दीपक द्विवेदी सिमरिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन सुनील पांड, सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रमोद अवस्थी द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन करण त्रिपाठी द्वारा किया गया।

# हायर सेकेण्डरी स्कूल महेबा में छात्र-छात्राओं को की गई साईकिल वितरण

अमानगंज




सरकार की बहुत ही महत्वपूर्ण योजना शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल महेवा में आज दिनांक 08 अगस्त 2025 दिन शुक्रवार को साइकिल वितरण का कार्यक्रम एवं एक पेड़ मां के नाम के उपलक्ष्य में वृक्षारोपण का कार्यक्रम एवं साथ ही नवनिर्मित अस्पताल का निरीक्षण गुनौर विधानसभा के विधायक राजेश वर्मा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ साथ में भारतीय जनता पार्टी मंडल महेवा के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ज एवं महामंत्री सुजय राजा, नीरज उपाध्यक्ष नरेश सिंह, उमा प्रसाद द्विवेदी, श्रीमती प्रीति गोस्वामी, राजेंद्र पटेल, राजेश खरे की विपिन बिहारी व्यास जी केवेंद्र सिंह अवधेश पाठक लकी राजा गजेंद्र सिंह परिहार अशोक व्यास राजेश कुमार व्यास मुकेश एवं चोबे संजू उरमलिया सुरेंद्र वर्मा नारायण सिंह चंदन पाठक महादेव प्रसाद महादेव प्रसाद विजय सिंह राजपूत एवं समस्त स्कूल स्टाफ मीडिया से राजेश पांडे एवं समस्त भारतीय जनता पार्टी के क्रिस एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने पत्रकारों के साथ रोपे पौधे, तिरंगा यात्रा में भी हुए शामिल





**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने शुक्रवार को पन्ना शहर के विश्वकर्मा मंदिर परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पत्रकारों के साथ पौधरोपण किया। इस अवसर पर जनअभियान परिषद के तत्वाधान में हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता अभियान के तहत मंदिर परिसर से ब्लॉक तिराहा तक तिरंगा यात्रा भी निकाली गई। इसमें मीडिया प्रतिनिधियों, जनअभियान परिषद के वालंटियर्स, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं नेहरू युवा केन्द्र के स्वयंसेवकों द्वारा भी सहभागिता की गई। श्री विश्वकर्मा सेवा संस्थान तथा पत्रकारगण भी कार्यक्रम में शामिल हुए। जिला कलेक्टर ने आंवला का पौधा रोपा और वायुदूत अंकुर एप पर अपलोड किया। साथ ही उपस्थितजनों को पर्यावरण संरक्षण तथा पौधों की देखभाल का संकल्प भी दिलाया। जिला कलेक्टर के आगमन पर माटी के गणेश की प्रतिमा और तुलसी का पौधा भेंटकर स्वागत किया गया। कलेक्टर ने हरित पर्यावरण तथा भावी पीढ़ी के कल्याण के लिए एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत संपन्न पौधरोपण कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने आह्वान किया कि सर्वसमाज एवं अन्य संगठन भी पौधरोपण के महत्वाकांक्षी अभियान में जरूर शामिल हों।

# बालाजी सरकार मंदिर में चार दिवसीय शिवार्चन का आयोजन संपन्न

स्थानीय और क्षेत्रीय भक्तों ने लिया भक्ति लाभ

अमानगंज



**पन्ना जिले के प्रमुख धार्मिक शहरों में से एक अमानगंज नगर के श्री श्री 1008 श्री बालाजी सरकार मंदिर में तीन अगस्त से आरंभ हुए सामूहिक शिवार्चन आयोजन का समापन 7 अगस्त की देर शाम संपन्न हुआ। इस धार्मिक आयोजन में स्थानीय क्षेत्रीय भक्तों ने उपस्थिति देते हुए, बाबा भोले की भक्ति करके भक्ति लाभ लिया।**

यह चार दिवसीय धार्मिक आयोजन पंडित कमलनयन शास्त्री जी के मार्गदर्शन में चला जिन्होंने सामूहिक शिवलिंग निर्माण करवा कर सामूहिक पूजन अर्चन करने के साथ ही भक्तों को शिव महिमा की विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि शिव देवों के देव महादेव हैं, जिनकी बगैर कृपा से इंसान तो ठीक है देवताओं का भी कुछ सुलभ और अच्छा काम नहीं हो सकता। तीनों लोक में यही देवों के देव महादेव देव है, जो बड़े से बड़े संकट को पल मात्र में दूर करने की शक्ति रखते हैं और भक्तों की जरा सी भक्ति में प्रसन्न होकर बड़े से बड़ा वरदान पल मात्र में दे देते हैं। हमेशा इंसान को जो खासकर हिन्दू सनातन संस्कृति से जुड़ा है, उसे हमेशा एक लोटा जल शिवजी को रोजाना अर्पण करना चाहिए। फिर देखें की शिवजी की कृपा कितनी जल्दी प्राप्त कर बड़े से बड़ा लाभ पाता है। पृथ्वी लोक पर बड़े से बड़े देव मनुष्य के रूप में अवतार लेकर बड़ी-बड़ी लीलाएं दिखाने आये हैं और बड़े से बड़े निशाचारों का उन्हेंनो संहार किया है, लेकिन इसके पहले उन्होंने शिवजी को प्रसन्न किया और उनसे आशीर्वाद पाया। तब कहीं जाकर वह बड़ी से बड़ी लीलाओं को भक्तों के बीच रखने में सफल हुए हैं। कार्यक्रम के अंत में आपने कन्या भोज के साथ ही भंडारा का आयोजन भी आयोजित किया और देर शाम नगर की मिढासन नदी में जल विहार के साथ आयोजन संपन्न हुआ।

पन्ना में 'श्रीकृष्ण पर्व' 14 से

# श्री बलदेव जी मंदिर परिसर में 14 एवं जुगल किशोर मंदिर प्रांगण में 16 को होगा आयोजन

पन्ना

संस्कृति विभाग द्वारा श्री बलदेव जी मंदिर परिसर में 14 अगस्त, 2025 एवं जुगल किशोर मंदिर प्रांगण में 16 अगस्त, 2025 को 'श्रीकृष्ण पर्व'-"हलधर महोत्सव एवं लीला पुरुषोत्तम का प्रकटोत्सव" का आयोजन किया जाएगा। दो दिवसीय समारोह में श्रीकृष्ण केंद्रित नृत्य एवं भक्ति गीतों के माध्यम से कलाकार सुरों से सुगंधित भक्ति की जमुना में श्रोताओं को गोते लगवाएंगे।श्री बलदेव जी मंदिर परिसर में 14 अगस्त को आयोजित समारोह में पहली सभा भक्ति गायन से सजेगी। छतरपुर की कमला लोधी श्रीकृष्ण केंद्रित भक्ति गीतों की सुमधुर प्रस्तुति देंगी। कार्यक्रम को विस्तार देते हुए लाल बहादुर घासी, सीधी घसिया बाजा की प्रस्तुति देंगे। घसिया बाजा का वादन सीधी क्षेत्र के बकबा, सिकरा, नचनी महुआ, गजरा बहरा, सिंगरावल आदि ग्रामों में निवासरत घसिया एवं गोंड जनजाति के कलाकारों द्वारा किया जाता है। लोक की मधुर धुनों को इन गांवों के कलाकारों ने सैकड़ों वर्षों से सहेज रखा है। कलाकार प्रस्तुति के माध्यम से भगवान शिव और श्रीकृष्ण की महिमा को मंच पर जीवंत करते नजर आएंगे। अंतिम सभा में स्वप्निल मैलोडी ग्रुप, जबलपुर के कलाकार भक्ति गायन के माध्यम से सुधीजनों को श्रीकृष्ण की लीलाओं के प्रेम रस से सराबोर करेंगे। जुगल किशोर मंदिर प्रांगण में 16 अगस्त को श्रीकृष्ण भक्ति लीला की दूसरी झलक देखने को मिलेगी। यहां आयोजित समारोह में अमित घारू, सागर और उनके दल द्वारा बधाई एवं बरेदी लोकनृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी, तो पवन तिवारी, टीकमगढ़ भक्ति गायन के माध्यम से मंदिर परिसर के माहौल को भक्तिमय बना देंगे।

## खबर संक्षेप



### निर्वाणा फाउंडेशन के दिव्यांग बच्चों ने प्राचार्य को बांधी राखी, महर्षि विद्या मंदिर में शिक्षकों और स्टाफ ने मनाया त्यौहार

**छतरपुर।** शहर देरी रोड स्थित महर्षि विद्या मंदिर में शुक्रवार को रक्षाबंधन का पर्व एक अनूठे और भावपूर्ण अंदाज में मनाया गया। निर्वाणा फाउंडेशन के दिव्यांग बच्चों ने स्कूल के प्राचार्य और स्टाफ को राखी बांधकर भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया, जिससे प्रेम, सम्मान और एकता का संदेश पूरे समुदाय में फैल गया। महर्षि विद्या मंदिर में आयोजित इस कार्यक्रम में निर्वाणा फाउंडेशन के दिव्यांग बच्चों ने प्राचार्य देवांश भारद्वाज उपाध्याय को प्रेम और श्रद्धा के साथ राखी बांधी। इस अवसर पर स्कूल के ऑफिस स्टाफ प्रभात कुमार यादव (लेखाकार), चंद्रभान विश्वकर्मा, राकेश मिश्रा, राहुल कुशवाहा और अशोक कुमार पाठक ने भी बच्चों से राखी बंधवाई। शिक्षक वर्ग में श्रीमती इंदु सिंह, गणेश सिंह बिसेन, अभिषेक खरे, श्रीकांत तोलानी, कुलदीप खरे, अमित गुप्ता, इंद्रेश चतुर्वेदी, जितेंद्र कुमार विश्वकर्मा और राहुल खरे ने भी दिव्यांग बच्चों के स्नेह को स्वीकार करते हुए राखी बंधवाई। यह आयोजन भाई-बहन के रिश्ते के साथ-साथ सामाजिक समावेशन और अपनत्व का प्रतीक बना। पूरे कार्यक्रम में उत्साह, स्नेह और एकता की भावना छाई रही, जिसने सभी के दिलों को छू लिया और रक्षाबंधन को और भी यादगार बना दिया।

### जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक 13 अगस्त को

**छतरपुर।** सीईओ जिला पंचायत छतरपुर ने बताया कि जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 13 अगस्त 2025 को दोपहर 12 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित होगी। बैठक में गत बैठक की कार्यवाही विवरण के पालन प्रतिवेदन पर चर्चा।, विद्यालयों में साईकिल, पुस्तक तथा गणवेश वितरण, जल जीवन मिशन के कार्यों, प्रधानमंत्री सड़क निर्माण कार्य, मत्स्य विभाग के कार्यों, आँगनवाड़ी कार्यकर्ता भर्ती की संपूर्ण प्रक्रिया, जिले की समस्त गौशालाओं की वर्तमान स्थिति पर चर्चा, वर्षा से प्रभावित सड़क पुल पुलियों की क्षति एवं मरम्मत कार्य पर चर्चा, ग्राम पंचायत सोरखी में विस्थापन के पश्चात 50-60 परिवारों की मूलभूत सुविधाओं के संबंध में, वृक्षारोपण की नवीन नियमावली एवं तैयार की गई योजना पर चर्चा, कृषि विभाग अंतर्गत अतिवर्षा से प्रभावित फसलों के नुकसान एवं सर्वे की स्थिति पर चर्चा आदि की समीक्षा की जाना है।

### जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में सैनिक सम्मेलन 11 अगस्त को

**छतरपुर।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी द्वारा छतरपुर एवं पन्ना जिले के पूर्व सैनिकों एवं विधवाओं को सूचित किया गया है कि जिला सैनिक कल्याण कार्यालय छतरपुर में 11 अगस्त 2025 को मासिक सैनिक सम्मेलन का आयोजन प्रातः 11.30 बजे से किया जाएगा।

### तेज रफ्तार ट्रक ने बाईक को रौंदा, एक की मौत, दूसरा घायल



**छतरपुर।** गुलगंज बस स्टैंड पर शुक्रवार की दोपहर में एक तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार दो लोगों को अपनी चपेट में ले लिया, जिसके चलते एक युवक की जान चली गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, वहीं मृतक के शव का पोस्टमार्टम किया जा रहा है। प गुलगंज थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़ा का रहने वाला 28 वर्षीय लखन पुत्र घनश्याम कुशवाहा अपने 36 वर्षीय पड़ोसी विक्रम पुत्र हल्के राजा के साथ किसी काम से गुलगंज गया था। इसी दौरान दोपहर करीब बारह बजे गुलगंज बस स्टैंड पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकीमोटरसाइकिल को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण हादसे में लखन कुशवाहा और विक्रम सिंह बुरी तरह घायल हुए थे।

## भाई-बहन के स्नेह का पर्व रक्षाबंधन आज, शुभ योग में बंधेगी राखी

### भद्रा मुक्त पूर्णिमा और सौभाग्य योग में पूरे दिन बांधी जा सकेंगी राखियां

छतरपुर।

रक्षाबंधन का पावन पर्व आज श्रावण मास की पूर्णिमा को पूरे उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस बार कई वर्षों बाद बन रहे शुभ संयोग के साथ भाई-बहन के प्रेम और रक्षा के बंधन को और मजबूत करने का अवसर मिलेगा। वैदिक जानकारों के अनुसार, भद्रा का साया न होने से सुबह सूर्योदय से पूरे दिन राखी बांधी जा सकेगी।





पंडित सौरभ तिवारी ने बताया कि रक्षाबंधन के लिए इस बार विशेष शुभ संयोग बन रहा है। श्रावण मास की पूर्णिमा तिथि 8 अगस्त को दोपहर 2:12 बजे से शुरू होकर 9 अगस्त को दोपहर 1:26 बजे तक रहेगी। इस दौरान श्रवण नक्षत्र, सौभाग्य योग और वव करण का संयोग रहेगा। भद्रा का प्रभाव 8 अगस्त की रात 1:30 बजे तक समाप्त हो जाएगा, जिसके बाद 9 अगस्त को सूर्योदय से राखी बांधना शुरू हो सकेगा और पूरे दिन यह कार्य किया जा सकेगा। राहुकाल सुबह 9:05 से 10:45 बजे तक रहेगा, जिसे टालने की सलाह दी गई है, जबकि दोपहर 12:00 से 12:53 तक अभिजीत मुहूर्त रहेगा, जो राखी बांधने के लिए सबसे शुभ समय माना गया है। उन्होंने ने बताया कि कई वर्षों बाद ऐसा शुभ संयोग बना है, जिसमें कोई ग्रह दोष या भद्रा का प्रभाव नहीं है। रक्षाबंधन के साथ ही श्रावणी पर्व भी मनाया जाएगा, जिसमें यज्ञोपवीत धारण करने वालों द्वारा पूजन किया जाएगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह पर्व केवल भाई-बहन के रिश्ते तक सीमित नहीं है, बल्कि यह वासुदेव कुटुंबकम की भावना को दर्शाता है। इस अवसर पर सभी को संकल्प लेना चाहिए कि वे अपने आसपास के जरूरतमंद और वंचित लोगों की मदद और रक्षा करेंगे। यह संकल्प रक्षाबंधन के पर्व को और अधिक अर्थपूर्ण बनाएगा।

## बाजार में दिखी रौनक, आकर्षक राखियों और मिठाइयों की बहार



**छतरपुर** शहर के बाजार में रक्षाबंधन को लेकर रौनक छाई है। राखियों और मिठाईयों की दुकानों ने आकर्षक सजावट के साथ ग्राहकों को लुभाने का पूरा इंतजाम किया है। दुकानों पर रंग-बिरंगी राखियों के अलावा चमकीले धागों, मोतियों, स्टोन्स और कार्टून-थीम वाली राखियां भी उपलब्ध हैं। शहर के मुख्य बाजार सहित सटई रोड, महोबा रोड और छत्रसाल चौराहे के आसपास की दुकानों पर शुक्रवार को बहनों की भीड़ दिखाई दी, जो राखियां और पूजा सामग्री खरीद रहीं थीं। वहीं, मिष्ठान दुकानों पर भी खासी भीड़ दिखाई दी। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि इस बार राखियों में इको-फ्रेंडली और हैंडमेड डिजाइनों की मांग अधिक है, जबकि मिठाइयों में शुगर-फ्री और ऑर्गेनिक विकल्प भी ग्राहकों को आकर्षित कर रहे हैं। आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी लोग खरीदारी के लिए उमड़ रहे हैं, जिससे बाजारों में चहल-पहल और उत्साह का माहौल है। दुकानदारों का कहना है कि आज रक्षाबंधन के दिन खरीदारी और तेज होने की उम्मीद है, जिससे बाजारों की रौनक और बढ़ेगी।

### 11 सनातनियों को साथ लेकर धाम पहुंचा आस्थावान शेख बाबन

## बागेश्वर महाराज ने दिया आशीर्वाद कहा मानवता से बड़ा कोई धर्म नहीं



**छतरपुर।** दुनिया भर में सनातन धर्म को परचम लहराने और लोगों को सनातन संस्कृति की समझ से जोडऩे वाले बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री उन सब पर अपना स्नेह लुटाते हैं जिन्हें सनातन से प्रेम है। बीती रात महाराष्ट्र से आए सनातन प्रेमी शेख बाबन को आशीर्वाद देते हुए महराज श्री ने कहा कि मानवता से बड़ा कोई धर्म नहीं है। जो व्यक्ति मानवता को कुचलता है वह कभी धर्म प्रेमी नहीं हो सकता। 11 सनातनियों को साथ लेकर बागेश्वर धाम आए अकोला जिले के शेख बाबन ने कहा कि महाराज श्री से मिलने की उनकी बड़ी इच्छा थी जो आज पूरी हो गई। बागेश्वर धाम पहुंचे अकोला जिला महाराष्ट्र के शेख बाबन ने जय श्री राम के उद्घोष से अपनी बात शुरू की। उन्होंने कहा कि वह सनातन से बहुत प्यार करते हैं। देश के विभिन्न हिस्सों में स्थित सनातन मंदिरों में जाकर वे दर्शन कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि उनके मन में महाराज श्री से मिलने का भाव आया था इसलिए वह अपने अन्य 11 सनातनियों को साथ लेकर बागेश्वर धाम आ गए। बागेश्वर महाराज ने शेख बाबन को उनके साथियों सहित आशीर्वाद देते हुए पट्टिका पहनाई और उन्होंने कहा कि मानवता से बड़ा कोई धर्म नहीं होता। जो व्यक्ति मानवता के लिए अपना जीवन समर्पित करता है वही सच्चा धर्म प्रेमी है। उन्होंने कहा कि हमें किसी भी धर्म या मजहब से कोई आपत्ति नहीं है। हम तो अपने हिंदुओं और सनातनियों को एकजुट करने में लगे हैं।

### सरसेड़ और कैंथोकर पंचायतों के सरपंच-सचिव से होगी लाखों की वसूली

## जारी हुआ 6.22 लाख की वसूली का नोटिस योजनाओं में हुआ भारी भ्रष्टाचार

**हरपालपुर।** नौगांव जनपद की ग्राम पंचायत सरसेड़ और कैंथोकर में जल गंगा अभियान और मनरेगा योजना के तहत फर्जी बिलों के भुगतान का मामला सामने आने के बाद जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए सरसेड़ के सरपंच और सचिव से 4,89,980 रुपये और कैंथोकर के सरपंच और सचिव से 1,32,618 रुपये की वसूली का नोटिस जारी किया है। गौरतलब है कि पिछले दिनों हुई उक्त मामलों की जांच में गंभीर वित्तीय अनियमितताएं सामने आई थीं, जिसके बाद जिला प्रशासन ने वसूली का नोटिस जारी किया है।





प्राप्त जानकारी के मुताबिक मई 2025 में ग्राम पंचायत सरसेड में जल गंगा अभियान के तहत खेत तालाबों के निर्माण में मशीनों से काम कराए जाने की शिकायत सामने आने के बाद कलेक्टर पार्थ जैसवाल और जिला पंचायत सीईओ तपस्या सिंह परिहार ने जांच कमेटी गठित की थी, जिसमें चंद्रकृपाल अहिरवार (प्रभारी खंड पंचायत अधिकारी) और सुजीत कुमार वर्मा (पंचायत समन्वय अधिकारी) शामिल थे। 30 जुलाई 2025 को सौंपी गई जांच रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि सरसेड़ में सामुदायिक और हितग्राही खेत तालाबों का स्थल निरीक्षण पानी के भराव और रास्ते की कमी के कारण नहीं हो सका। जांच में पाया गया कि सरपंच कल्लू प्रजापति और तत्कालीन सचिव उदय सिंह गौर ने सीसी रोड, सार्वजनिक कूप, नाली निर्माण, रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग जैसे कार्यों में बालू, रेत, मुरम, गिट्टी और बोल्डर के फर्जी बिलों के जरिए 4,89,980 रुपये का भुगतान किया। यह भुगतान जय मां दुर्गा ट्रेडर्स, नौगांव को किया गया, जो केवल सीमेंट और सरिया का काम करता है, न कि अन्य सामग्री का। यह वित्तीय नियमों का उल्लंघन है। मध्य प्रदेश पंचायत एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 89 और 92 के तहत प्रकरण दर्ज कर इस राशि की वसूली सरपंच और सचिव से की जाएगी।

इसी तरह, मई 2025 में ही ग्राम पंचायत कैंथोकर में मनरेगा योजना के तहत गेबियन स्ट्रक्चर कार्य में फर्जी बिलों के भुगतान की शिकायत सामने आई थी। इस मामले की जांच हेतु गठित की गई टीम द्वारा 30 जुलाई को दी गरिपोर्ट में पाया गया कि सरपंच श्रीमती रागनी कौशिक और तत्कालीन सचिव अरविंद नायक ने जय मां दुर्गा ट्रेडर्स को गिट्टी, रेत, बोल्डर पत्थर और सूचना बोर्ड परिवहन जैसी सामग्री के लिए 1,32,618 रुपये का भुगतान किया, जबकि यह वेंडर केवल सीमेंट, सरिया और सेटरिंग का काम करता है। यह भी वित्तीय नियमों के खिलाफ है। अधिनियम की धारा 89 और 92 के तहत प्रकरण दर्ज कर इस राशि की वसूली सरपंच और सचिव से की जाएगी। जांच में यह भी सामने आया कि कैंथोकर में लाखों रुपये की लागत से बना गेबियन स्ट्रक्चर तीन महीने में ही ध्वस्त हो गया। ग्रामीणों ने सरपंच और सचिव पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए जांच और मरम्मत की मांग की थी। प्रशासन ने सात दिन में मरम्मत के आदेश दिए थे, लेकिन आज तक यह कार्य नहीं हुआ। ग्रामीणों की शिकायतों और मीडिया की सक्रियता के बाद प्रशासन ने यह कदम उठाया, पर गेबियन स्ट्रक्चर की बदहाली जस की तस बनी हुई है।

### बारिश से प्रभावित 7 सैकड़ा से अधिक लोगों को मिली 78 लाख की राहत राशि

## मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सिंगल क्लिक से अंतरित की राशि

छतरपुर।

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शुक्रवार को भारी बारिश से प्रभावित लोगों को राहत राशि का वितरण कर उनकी मुश्किलों को कम करने का प्रयास किया। इसी क्रम में छतरपुर जिले के 721 हितग्राहियों को 78 लाख रुपये से अधिक की राशि प्रदान की गई। यह सहायता प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान की भरपाई के लिए सरकार द्वारा दी गई है।





कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने बताया कि शुक्रवार को भोपाल के समत्व भवन से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदेश भर में लगभग 30 करोड़ रुपये की राहत राशि हितग्राहियों के खातों में अंतरित की। इसमें जनहानि, पशुहानि, मकान क्षति, कपड़ा, बर्तन और खाद्यान्न क्षति जैसे विभिन्न नुकसानों के लिए सहायता शामिल थी। छतरपुर जिले से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए एनआईसी कक्ष में कलेक्टर के अलावा एडीएम मिलिंद नागदेवे सहित संबंधित अधिकारी और हितग्राही इस कार्यक्रम से जुड़े। जिले के 721 हितग्राहियों को कुल 78 लाख 49 हजार 400 रुपये की राहत राशि दी गई, जिसमें जनहानि के लिए 40 लाख, पशुहानि के लिए 6 लाख 80 हजार 500, मकान क्षति के लिए 31 लाख 48 हजार 900 और अन्य क्षतियों के लिए 20 हजार रुपये शामिल हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न जिलों के हितग्राहियों से बातचीत कर उनके हालचाल जाने और हर संभव सहायता का आश्वासन भी दिया।

## छतरपुर पुलिस ने रक्षाबंधन पर लौटाई खुशियां

### एक सैकड़ा से अधिक लोगों को वापिस मिले गुम मोबाइल



**छतरपुर।** पुलिस ने रक्षाबंधन के त्यौहार से एक दिन पहले शुक्रवार को एक सैकड़ा से अधिक गुमशुदा मोबाइल बरामद कर उनके मालिकों को लौटाकर खुशी का उपहार दिया। इन फोन की कीमत करीब 21 लाख रुपये है। इसके साथ ही, मोबाइल चोरी में शामिल दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने बताया कि गुमशुदा मोबाइल फोन की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए तकनीकी पोर्टल के प्रशिक्षण के बाद विभिन्न कंपनियों के 106 मोबाइल फोन ट्रेस कर बरामद किए गए हैं, जो छात्रों, मजदूरों, एनजीओ कर्मचारियों, किसानों और गृहणियों के हैं। शुक्रवार को पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान यह मोबाइल उनके मालिकों को दिए गए हैं। कोतवाली और सिविल लाइन थानों में दर्ज मोबाइल चोरी के मामले में दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है। जबकि गढ़ी मलहरा थाने के एक मामले में आरोपी की तलाश जारी है। एसपी ने नागरिकों से अपील की कि वे एसबीआई सेल्फ केवाईसी एपीके जैसे लिंक या ऐप को डाउनलोड करने और खोलने से बचें, क्योंकि इससे मोबाइल हैक होने की शिकायतें मिल रही हैं। उन्होंने इस जानकारी को अधिक से अधिक लोगों तक साझा करने और सतर्कता बरतने का अनुरोध किया है।

### तीन दिन से लापता है मानसिक बीमार और दिव्यांग बच्ची

## माता-पिता ने रोते हुए पुलिस अधीक्षक से लगाई मदद करने की गुहार

**छतरपुर।** शहर के संकट मोचन इलाके में रहने वाली एक मानसिक बीमार और दिव्यांग बच्ची पिछले तीन दिनों से लापता है, जिसके चलते उसके माता-पिता बेहद परेशान हैं। माता-पिता का कहना है कि पुलिस उनकी बेटी को ढूंढऩे में मदद नहीं कर रही है। शुक्रवार को एसपी ऑफिस में आवेदन देकर माता-पिता ने मदद की गुहार लगाई।



संकट मोचन निवासी निहाल खान ने बताया कि उनकी बेटी, मानसिक बीमार होने के साथ-साथ दिव्यांग भी है। गत 6 अगस्त को वह घर से अचानक लापता हो गई। परिजनों ने बताया कि बच्ची अकेले कहीं नहीं जाती थी, जिसके चलते उन्हें संदेह है कि किसी ने उसका अपहरण किया है। निहाल खान और उनकी पत्नी ने लगातार तीन दिन से लगातार बेटी की तलाश कर रहे हैं, लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिला। निहाल ने बताया कि उसने सिविल लाइन पुलिस से शिकायत की थी लेकिन पुलिस सहयोग नहीं कर रही है। माता-पिता ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर रोते हुए आवेदन दिया और बच्ची की तलाश के लिए तत्काल कार्रवाई की गुहार लगाई।

### पैर की टूटी हड्डी हाथ में लेकर एसपी के पास पहुंचा युवक

## पुलिस पर लगाए टक्कर मारने वाले कार्रवाई न करने के आरोप

छतरपुर।

जिले के गौरिहार थाना क्षेत्र में करीब 6 माह पूर्व ट्रैक्टर की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हुए एक युवक को न केवल शारीरिक पीड़ा झेलनी पड़ रही है, बल्कि पुलिस की निष्क्रियता ने भी उसका दुख बढ़ा दिया है। शुक्रवार को न्याय की आस में युवक अपने पैर की टूटी हड्डी हाथ में लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा, जहां उसने टक्कर मारने वाले ट्रैक्टर चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग रखी।

ग्राम कल्याणपुर निवासी रामकेश पाल ने बताया कि 12 फरवरी 2025 को ग्राम मुड़ेरी में बृजेन्द्र त्रिवेदी निवासी मढ़ा ने अपने से ट्रैक्टर उसकी बाइक को टक्कर मार दी थी। इस हादसे में उनके पैर में गंभीर चोट आई और हड्डी टूट गई। रामकेश के मुताबिकक इलाज पर अब तक सात से आठ लाख रुपये खर्च हो चुके हैं और उपचार अभी भी जारी है। रामकेश ने लवकुशनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी लेकिन पुलिस ने न तो ट्रैक्टर मालिक बृजेन्द्र त्रिवेदी के खिलाफ कोई कार्रवाई की और न ही वाहन को जब्त किया। रामकेश ने आरोप लगाया कि पुलिस ने प्रकरण में बृजेन्द्र का नाम तक दर्ज नहीं किया है। न्याय की उम्मीद खो चुके रामकेश ने अपने पैर की टूटी हड्डी दिखाते हुए पुलिस अधीक्षक से ट्रैक्टर मालिक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।



### डॉ. मनोज चौधरी ने दो बच्चों के गले से निकाले सिक्के

वहीं जिला अस्पताल में डॉ. मनोज चौधरी ने अपनी विशेषज्ञता से एक बार फिर दो बच्चों की जान बचाई, जिन्होंने खेलते समय सिक्के निगल लिए थे। बताया गया है कि उत्तरप्रदेश के महोबा गांधीनगर निवासी 4 वर्षीय आरुषि पुत्री सुरेंद्र शर्मा ने शुक्रवार की सुबह करीब 11 बजे 5 रुपये का सिक्का निगल लिया। परिजन उसे स्थानीय अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने असमर्थता जताई। इसके बाद वे छतरपुर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां डॉ. चौधरी ने महज 5 मिनट में कैथेटर की मदद से सिक्का बाहर निकाल दिया। इसी तरह, पन्ना के अजयगढ़ निवासी 10 वर्षीय अंशुल पुत्र कल्लू पटेल ने भी 10 रुपये का सिक्का निगल लिया था, जो उसकी आहार नली में फंस गया। पन्ना के डॉक्टरों ने अंशुल को छतरपुर रेफर किया, जहां डॉ. चौधरी ने सिक्का बाहर निकाला। उल्लेखनीय है कि डॉ. चौधरी अब तक करीब 1500 से अधिक बच्चों के गले से सिक्के निकाल चुके हैं। उन्होंने अ?भिभावकों से बच्चों को सिक्के या ठोस वस्तुएं न देने की अपील की है, ताकि ऐसी घटनाएं रोकी जा सकें।

## रक्षाबंधन पर नगर परिषद ने लिया एक हजार पौधे लगाने का संकल्प



हरपालपुर

*रक्षाबंधन के अवसर पर हरपालपुर नगर परिषद ने भाई-बहन के प्रेम को प्रकृति से जोड़ते हुए पर्यावरण संरक्षण की अनूठी पहल शुरू की है। दरअसल निकाय ने एक पौधा बहन के नाम अभियान शुरु करते हुए एक हजार पौधे लगाने का संकल्प लिया है, जिसमें नागरिकों और सामाजिक संस्थाओं से भी शामिल होने का आह्वान किया गया।*

*नगर परिषद अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने बताया कि आज रक्षाबंधन पर समस्त नागरिक अपनी बहनों के नाम पर पौधे रोपेंगे, ताकि भाई-बहन का अटूट रिश्ता पर्यावरण संरक्षण के साथ जुड़ सके। इस दौरान सामाजिक संस्थाओं और बच्चों से अपील की गई कि वे इस कार्यक्रम में हिस्सा लें और पौधों की देखभाल अपनी बहन की तरह जिम्मेदारी से करें। नगर परिषद ने संकल्प लिया कि इन पौधों को हरे-भरे वृक्षों में बदलकर पर्यावरण को मजबूत किया जाएगा। श्री अग्रवाल ने कहा कि यह पहल न केवल प्रकृति के प्रति जागरूकता बढ़ाएगी, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए हरियाली का तोहफा भी देगी। मुख्य नगरपालिका अधिकारी शैलेंद्र सिंह चौहान, उपयंत्री गगन सूर्यवंशी ने अभियान से जुडऩे की अपील नगरवासियों से की है।*

## खबर संक्षेप

### संदिग्ध 169 हितग्राहियों का 14 अगस्त तक करें सत्यापन - कलेक्टर

**रीवा ।** खाद्य सुरक्षा योजना के हितग्राहियों के सत्यापन और ई केवाईसी अपडेशन का कार्य लगभग पूरा हो गया है। जिले में एकल सदस्यीय परिवार जिनकी आयु 18 साल से कम है ऐसे 98 सदस्य तथा 100 वर्ष आयु के 71 हितग्राही सत्यापन के लिए शेष हैं। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सभी एसडीएम, सीएमओ तथा जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को इनका 14 अगस्त तक अनिवार्य रूप से सत्यापन करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि हितग्राहियों की सूची एम राशन मित्र पोर्टल से प्राप्त करके संबंधित ग्राम पंचायत सचिव, नगरीय निकाय के वार्ड प्रभारी तथा उचित मूल्य दुकानदार को उपलब्ध कराएं। इन व्यक्तियों का मौके पर जाकर सत्यापन करें। यदि हितग्राही पात्र है और निर्धारित पते पर उपलब्ध है तो उसका ई केवाईसी अपडेशन कराएं। यदि हितग्राही की उम्र पोर्टल में त्रुटिपूर्ण दर्ज है तो उसे आधार सेंटर पर जाकर अपडेट कराएं। इसी तरह 100 साल से अधिक आयु के 71 हितग्राहियों का भी शत-प्रतिशत सत्यापन कराएं। सत्यापन के दौरान अपात्र पाए जाने पर कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी खाद्यान्न पर्ची निरस्त करते हुए राशन मित्र पोर्टल से हितग्राही का नाम विलोपित करने की कार्यवाही करें।

### एनडीपीएस मामले में 8 माह से फरार इनामी गिरफ्तार, बैकुंठपुर पुलिस कर रही थी तलाश

**रीवा।** जिले के बैकुंठपुर थाना पुलिस ने एनडीपीएस मामले में लगभग 8 महीने से फरार 7 हजार रुपए के इनामी आरोपी अशोक कुमार त्रिपाठी (62 वर्ष) पिता स्वर्गीय राम सुंदर त्रिपाठी, निवासी वार्ड नंबर 5 बैकुंठपुर को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी जेपी पटेल ने बताया कि 24 नवंबर 2024 को सूचना मिली थी कि अशोक कुमार त्रिपाठी, उनके पुत्र विकास त्रिपाठी और पुत्री सोनम त्रिपाठी अपने घर पर अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर का विक्रय कर रहे थे। पुलिस ने मौके पर छापेमारी की, लेकिन अशोक और विकास मौके से फरार हो गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा दोनों आरोपियों पर 7- 7 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। पुलिस ने लगातार आरोपियों के ठिकानों पर दबिश दी और तलाश जारी रखी। इस दबाव के परिणामस्वरूप, अशोक कुमार त्रिपाठी ने आज न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। पुसिल ने आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड में लिया है। पुलिस वर्तमान में आरोपी से घटना के संबंध में पूछताछ कर अन्य फरार आरोपी विकास त्रिपाठी की तलाश में जुटी है।

### शराब दुकान में युवक से की मारपीट

**कटनी।** स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत तेवरी में ठेकेदार के गुर्गों ने एक ग्रामीण से लाठी-डंडे से मारपीट की है। जानकारी के अनुसार बिचुआ ग्राम निवासी मुकेश पिता रामेश्वर चौधरी जो कि तेवरी शराब दुकान में शराब लेने गया था इसी दौरान शराब दुकान के सामने से उसकी साइकिल चोरी हो गई। जब शराब दुकान पहुँच ने इस संबंध में पूछा तो वे भड़क उठे और मुकेश के साथ लाठी डंडे से मारपीट की गई। घायल का इलाज जिला अस्पताल में किया जा रहा है।

# ओबीसी प्रदेश महासचिव प्रेमिका के साथ पकड़ाया पत्नी ने प्रेमिका को पीटकर किया लहूलुहान

**रीवा।** शहर के एक चर्चित सामाजिक संगठन के प्रदेश महासचिव पर लगे इन गंभीर आरोपों ने प्रशासन और आमजन दोनों को झकझोर कर रख दिया है। मामला बिछिया स्थित पीएम आवास कॉलोनी का है, जहां बीते दिनों एक आपत्तिजनक घटनाक्रम के वीडियो वायरल होने के बाद पूरे शहर में चर्चाओं का दौर जारी है।

घटना उस समय सामने आई जब संबंधित नेता की पत्नी को सूचना मिली कि उनका पति एक युवती के साथ पीएम आवास कॉलोनी के एक फ्लैट में मौजूद है। वह कुछ परिचित महिलाओं के साथ मौके पर पहुंची, दरवाजा खुलवाया और हंगामा शुरू हो गया। अंदर का नजारा देखकर माहौल और तनावपूर्ण हो गया। महिला ने युवती के साथ मारपीट का आरोप लगाया है, वहीं नेता मौके से पीछे के रास्ते पाइप के सहारे फरार हो गया।सुचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। युवती को चोटें आने पर मेडिकल परीक्षण कराया गया है। उसकी ओर से भी एफआइआर दर्ज कराने के लिए कोई आवेदन नहीं किया गया है। युवती के साथ पाए गए ओबीसी महासभा के प्रदेश महासचिव पप्पू कनौजिया से जुड़ा घटनाक्रम होने की वजय से दिनभर सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ। पप्पू कनौजिया ओबीसी महासभा के नेता है और दूसरी जातियों को लेकर आए दिन सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक कंटेट भी पोस्ट करते है। इस कारण लोगों ने कार्रवाई की मांग उठाई है।वही दूसरी ओर घटना के बाद कॉलोनी के रहवासियों ने जो आरोप लगाए, वे और भी चौंकाने वाले हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि संबंधित सामाजिक नेता ने न केवल खुद के नाम पर, बल्कि अपने करीबियों के नाम पर भी योजना के अंतर्गत एक से अधिक फ्लैट हथिया लिए हैं। बताया जा रहा है कि ऐसे करीब 12 फ्लैटों का किराया वसूल कर बाहरी लोगों को किराए पर दे रखा गया है, जहां संदिग्ध गतिविधियों की शिकायतें भी मिल रही हैं। बॉक्स पति ड्रेनेज पाइप पकड़ तीसरी मंजिल से उतरापप्पू कनौजिया की पत्नी वंदना कनौजिया कुछ समझ पाती मौका देखकर पप्पू कनौजिया तीसरी मंजिल के फ्लैट से ड्रेनेज पाइप के सहारे नीचे उतरकर भाग गए। फ्लैट में वंदना कनौजिया ने दरवाजा बंद कर पति की प्रेमिका की पिटाई शुरू कर दी। दोनों की आवाज सुनकर आसपास के लोग जुट गए। सूचना पर मौके पर बिछिया थाना से पुलिस पहुंची। बिछिया थाना प्रभारी मनीषा उपाध्याय ने लहूलुहान प्रेमिका को फ्लैट से सुरक्षित बाहर निकाला। वही पत्नी ने घटना का वीडियो पुलिस को सौंपा। बॉक्स पार्षदों ने की उच्च स्तरीय जांच की मांगघटना के बाद वार्ड-44 की पार्षद अर्चना अमृत मिश्रा ने महापौर और नगर निगम आयुक्त से पत्र लिखकर योजना की संपूर्ण जांच और अपात्र लाभार्थियों की सूची जारी कर आवंटन निरस्त करने की मांग की है। अन्य वार्डों के पार्षदों ने भी प्रशासन से फैक्ट फाइंडिंग कमेटी गठित करने की मांग उठाई है।बॉक्सनेता की पत्नी ने मांगी सुरक्षा, वीडियो जारी कर लगाए धमकी के आरोपविवाद के बाद नेता की पत्नी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर स्वयं और बच्चों की सुरक्षा की गुहार लगाई है। उनका कहना है कि पति द्वारा उन्हें फोन पर धमकाया जा रहा है और अन्य लोगों के जरिए दबाव बनाया जा रहा है। महिला ने प्रशासन से युवती और पति दोनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।बॉक्स क्या कहता है नियम प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभार्थी वही हो सकता है, जिसके पास देश के किसी भी कोने में पहले से पक्का घर न हो। योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को घर उपलब्ध कराना है। यदि किसी ने गलत दस्तावेज या जानकारी देकर आवंटन प्राप्त किया है, तो यह स्पष्ट रूप से धोखाधड़ी की श्रेणी में आता है और कठोर कानूनी कार्रवाई हो सकती है।

## कबाड़ी मोहल्ला में मिली भारी मात्रा में नशीली दवाएं

# नशीली कफ सिरप और कैप्सूल की बिक्री करते महिला गिरफ्तार, सिटी कोतवाली पुलिस की दबिश




**रीवा।** शहर में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सिटी कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी। कबाड़ी मोहल्ला स्थित एक घर में दबिश देकर पुलिस ने एक महिला को नशीली कफ सिरप और कैप्सूल की अवैध बिक्री करते हुए रंगे हाथों पकड़ा। मौके से बड़ी मात्रा में नशीली दवाएं बरामद की गई हैं। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार कबाड़ी मोहल्ला वार्ड क्रमांक 19 निवासी एक महिला, अपने घर में अवैध रूप से नशीली दवाइयों की बिक्री कर रही है। मुखबिर ने यह भी बताया कि महिला गुलाबी छींटदार गाउन और सिर पर धारीदार दुपट्टा ओढ़े हुए है। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस ने मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी और उनके निर्देश पर तुरंत टीम गठित कर मौके पर दबिश दी गई। दबिश के दौरान आरोपी महिला की पहचान तुलसा लोनिया (48 वर्ष) पति बुद्धा लोनिया के रूप में हुई। पुलिस ने महिला को अभिरक्षा में लेकर उसके घर की सघन तलाशी ली, जिसमें कुल 22 शीशियां नशीली कफ सिरप और 520 नग नशीले कैप्सूल बरामद हुए। जब्त की गई सामग्री की अनुमानित कीमत लगभग 5,500 रुपए बताई जा रही है। सिटी कोतवाली पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंसेज (एनडीपिएस ) एक्ट की धारा 8, 21, 22 एवं ड्रग कंट्रोल एक्ट की धारा 5/13 के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है,बात दे पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि महिला को यह नशीली दवाएं कहाँ से मिलती थीं और क्या इसके पीछे कोई बड़ा गिरोह सक्रिय है। जल्द ही अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी भी हो सकती है।

# वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान शिविर संपन्न



**रीवा ।** वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान के अंतर्गत एक वित्तीय समावेशन शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत सगरा में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के तत्वाधान में किया गया। शिविर में शासन की विभिन्न नकल्याणकारी बैंकिंग योजनाओं, सुरक्षा योजनाओं और डिजिटल सशक्तिकरण की विस्तृत जानकारी दी गई। नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने अपने संबोधन में गाँव की पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक वित्तीय सेवाएँ पहुँचाने के महत्व को रेखांकित किया और इस कार्य में प्रशासनिक सहयोग का आश्वासन दिया और डिजिटल फ्रॉड से बचाव, केवाईसी अपडेट, नामिनी नामांकन और बैंकिंग से जुड़े विभिन्न विषयों की विस्तार से जानकारी दी और जनता से जागरूक और सतर्क रहने का आग्रह किया। कार्यक्रम में क्षेत्र प्रमुख अजय खरे ने वित्तीय समावेशन के राष्ट्रीय लक्ष्य को प्रत्येक नागरिक तक पहुँचाने की आवश्यकता पर बल दिया उन्होंने कहा कि "वित्तीय समावेशन से ही देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी, इसलिए हर व्यक्ति तक बैंकिंग सेवाएँ पहुँचाना हम सबका कर्तव्य है। राजीव कुमार झा ने जनधन बैंकिंग, खाता सुरक्षा योजनाएँ पीएमजेडीवाई, पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई, एपीवाई जैसी योजनाओं के लाभ की जानकारी दी। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से इसका लाभ उठाने की अपील की।

# मुख्यमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से आपदा पीड़ितों को जारी की 30 करोड़ की राहत राशि

रीवा




मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने वर्चुअल माध्यम से बाढ़ तथा अन्य प्राकृतिक आपदाओं के पीड़ितों को 30 करोड़ रुपए की राहत राशि सिंगल क्लिक से वितरित की। मुख्यमंत्री ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न जिलों के आपदा पीड़ितों से संवाद किया। मुख्यमंत्री ने 28 हजार 400 पीड़ितों के बैंक खाते में सहायता राशि जारी की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि संकट में जनता की सेवा और सहायता करना सरकार का धर्म है। प्रदेश में कई स्थानों पर अचानक बाढ़ से हजारों लोग पीड़ति हुए। सरकार और प्रशासन ने तत्परता से उन्हें सहायता पहुंचाई। बचाव दलों ने कई लोगों के प्राण बचाए। बाढ़ और अन्य प्राकृतिक आपदा से हमने कई लोगों को खोया और सम्पत्तियों का भी नुकसान हुआ। प्राकृतिक आपदा से पीड़ितों को हर संभव सहायता दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ के समय मैंने कई जिलों का दौरा किया तथा राहत और बचाव कार्य की निगरानी की। बाढ़ सरकार और प्रशासन के लिए बहुत बड़ी चुनौती थी। सबने मिलकर इस संकट का सामना किया। सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों ने भी संकट के समय आमजनता की बढ़चढ़ कर सेवा की। बचाव दलों तथा प्रशासनिक अमले ने भी पूरी तत्परता और बहादुरी के साथ लोगों को आपदा से बचाया। अभी वर्षाकाल चल रहा है। सभी अधिक वर्षा की स्थिति में सचेत रहें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेशवासी 9 अगस्त को उल्लास के साथ रक्षाबंधन का पर्व मनाएं। इसके बाद हमारा सबसे बड़ा त्यौहार स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को मनाया जाएगा। प्रदेशवासी अपने घरों में तिरंगा लगाकर और स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होकर इस त्यौहार को मनाएं। इसके बाद हम सब मिलकर बलराम जयंती और कृष्ण जन्माष्टमी पर्व भी मनाएंगे। प्रदेशवासियों को सभी पर्वों और त्यौहारों की मैं बधाई देता हूँ।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से शिवपुरी, गुना, मऊगंज, रायसेन तथा छिंदवाड़ा जिले के आपदा पीड़ितों और जनप्रतिनिधियों से संवाद किया। पीड़ितों ने बाढ़ से राहत और बचाव के लिए किए गए प्रबंधों तथा तत्परता से दी गई मदद के लिए सरकार और प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। कलेक्ट्रेट के एनआईसी केन्द्र से विधायक गुढ़ नागेन्द्र सिंह, विधायक मनगवां नरेन्द्र प्रजापति, जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल, पूर्व महापौर वीरेन्द्र गुप्ता, कलेक्टर प्रतिभा पाल, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी तथा बड़ी संख्या में आपदा पीड़ति शामिल रहे।

# भीषण सड़क हादसा: तेज रफ्तार बाइकों की आमने-सामने टक्कर में दो युवकों की मौत, सगरा थाना क्षेत्र के लौआ मोड़ की घटना



**रीवा।** रीवा सिरमौर मार्ग मे तेज रफ्तार बाइकों के बीच गुरुवार को सगरा थाना क्षेत्र के लौआ मोड़ में आमने सामने से जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हुआ था, जिसकी संजय गांधी अस्पताल में करीब दो बजे उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के संबंध में सगरा पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक दोनों बाइक सवार विपरीत दिशा से आ रहे थे तभी अचानक दोनों के बीच आमने सामने सीधी टक्कर हो गई। घटना में रामजी साकेत पिता जगन्नाथ साकेत निवासी लालगांव की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायल दूसरे बाइक सवार को पुलिस ने एंबुलेस की मदद से संजय गांधी अस्पताल भिजवाया था जहां उपचार के दौरान प्रेम कुमार उपाध्याय निवासी वाराणसी की जान चली गई। पुलिस ने वाराणसी निवासी युवक की मौत की जानकारी परिजनों को दी है, जिसके बाद परिजन रीवा आ रहे है। बताया गया कि परिजनों के आने के बाद शनिवार को उसका पीएम किया जाएगा। सगरा थाना प्रभारी अंकिता मिश्रा ने बताया कि सड़क दुर्घटना की जानकारी के बाद मौके पर पुलिस पहुंची थी जहां एक युवक की जान जा चुकी थी वहीं दूसरा गंभीर था, दोनों को एंबुलेंस से संजय गांधी अस्पताल भिजवाया गया जहां एक को चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया जबकि प्रेम कुमार उपाध्याय का इलाज किया जा रहा था, जिसकी दोपहर दो बजे जान चली गई। मौके पर मिले दस्तावेजों के आधार पर घायल की पहचान पुलिस ने की और परिजनों को घटना की जानकारी दी। बताया जा रहा है कि वारणसी निवासी प्रेम उपाध्याय किसी व्यापार को शुरू करने के लिए रीवा आया था और किसी की बाइक लेकर जनता कॉलेज के समीप आ रहा था। तभी लौआ मोड़ के पास यह हादसा हो गया। फिलहाल सगरा पुलिस मग्र कायम कर आगे की कार्रवाई कर रही है।



# हर घर तिरंगा अभियान में निकाली गई तिरंगा यात्रा

**रीवा ।** जिले भर में हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियाँ की जा रही हैं। आमजनता की अभियान में अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि जनपद पंचायत रीवा, जनपद पंचायत गंगेव तथा मऊगंज जिले की नईगढ़ी जनपद पंचायत में हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा रैली निकाली गई। विद्यार्थियों ने भी तिरंगे के साथ रैली निकालकर हर घर तिरंगा अभियान का संदेश दिया। कंदैला स्कूल के विद्यार्थियों ने भी तिरंगा रैली निकाली। सभी जनपद पंचायतों और ग्राम पंचायतों में हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है।

# लखनऊ में सम्मानित हुए रीवा के युवा कवि सिद्धार्थ, साहित्यिक योगदान हेतु एक साथ फाउंडेशन ने किया सम्मानित



**रीवा।** अदब और तहज़ीब के शहर लखनऊ में आयोजित साहित्यिक कार्यक्रम सुखन में रीवा के युवा कवि सिद्धार्थ श्रीवास्तव को साहित्य गौरव सम्मान से नवाज़ा गया। यह कार्यक्रम एक साथ फाउंडेशन के बैनर तले आयोजित किया गया था। सम्मान समारोह में अंतरराष्ट्रीय कवि एवं फिल्मी गीतकार आलोक श्रीवास्तव, प्रसिद्ध शायर सय्यद जिया अल्वी, वरिष्ठ आईपीएस एसएसपी आलोक श्रीवास्तव और फाउंडेशन की अध्यक्ष डॉ. श्वेता अज़ल ने संयुक्त रूप से सिद्धार्थ को सम्मानित किया। इस आशय की जानकारी युवा कवि अभिनव सिंह बघेल ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में देशभर के नामचीन कवियों व शायरों ने भाग लिया, जिनमें रामप्रकाश बेख़ुद, आसिम पीरज़ादा, सय्यद मोईन अल्वी, तारा इक़बाल, नमिता नमन और डॉ. श्वेता अज़ल प्रमुख रूप से शामिल रहे। उल्लेखनीय है कि सिद्धार्थ ने मात्र 3 वर्ष की उम्र से काव्यपाठ शुरू किया और 27 वर्षों में देशभर में कवि सम्मेलनों व साहित्यिक आयोजनों में सक्रिय भागीदारी की। कोरोना काल में उन्होंने 200 दिन लगातार फेसबुक लाइव के ज़रिए कवियों को जोड़े रखा। सम्मान पर समाजसेवी, साहित्यकार और प्रशासनिक अधिकारियों ने बधाई दी, जिनमें प्रमुख रूप से प्रवीण पाठक, अमित अवस्थी, शोभनाथ गुप्ता, विकास द्विवेदी, अनुराधा श्रीवास्तव, सुभाष श्रीवास्तव, गिरिजा शंकर शुक्ल गिरीश, जगजीवन लाल तिवारी सहित अनेक गणमान्य नागरिकों के नाम शामिल हैं।

# मुख्यमंत्री ने मऊगंज के आपदा पीड़ित से किया संवाद



**मऊगंज।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने प्रदेश भर के प्राकृतिक आपदा पीड़ितों को वर्चुअल माध्यम से 30 करोड़ रुपए की राहत राशि जारी की। मुख्यमंत्री वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न जिलों के आपदा पीड़ितों से संवाद किया। मुख्यमंत्री ने मऊगंज जिले के ग्राम ढावा तिवरियान के आपदा पीड़ति राधेश्याम साकेत से संवाद किया। श्री साकेत ने बताया कि 16 और 17 जुलाई को लगातार बारिश से गांव में बाढ़ की स्थिति निर्मित हुई। जिससे 50 से अधिक कच्चे मकान गिर गए। प्रशासन ने पीड़ितों को शिविर में रखकर निःशुल्क भोजन, पानी और उपचार की सुविधा दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान कभी-कभी हम सबकी परीक्षा लेते हैं। अतिवृष्टि से बाढ़ के कारण हम सब पर संकट आया। संकट की इस घड़ी में सरकार आमजनता के साथ है। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में कलेक्ट्रेट के एनआईसी केन्द्र से शामिल संजय कुमार जैन ने बताया कि बाढ़ पीड़ितों को शासकीय स्कूल में बनाए गए राहत शिविर में रखा गया। पीड़ति प्रत्येक परिवार को 25 किलो गेंहू और 25 किलो चावल निःशुल्क दिया गया। इसके अलावा जन सहयोग से एकत्रित राशि से भी पीड़ति परिवार को 10-10 हजार रुपए की सहायता दी गई है।

# महाविद्यालय में वित्तीय समझदारी सशक्त, नारी पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

मऊगंज



प्रधानमंत्री एक्सीलेंस शहीद केदारनाथ महाविद्यालय मऊगंज में वित्तीय समझदारी सशक्त नारी पर कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसके मुख्य अतिथि आरबीआई भोपाल से एलडीओ विनय मोरे वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य सोमदत्त पांडे ने किया तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में डीडीएम नाबार्ड सरोज कुमार जैना एलडीएम मऊगंज ज्योत्सना अग्रवाल जिला उद्योग अधिकारी एस एस सिंह वहीं कार्यक्रम का सफल संचालन असिस्टेंट काउंसलर वित्तीय साक्षरता (आरोह फाउंडेशन) संतोष कुमार मिश्र ने किया सर्वप्रथम श्री मिश्र ने महाविद्यालय के प्राचार्य, स्टाफ एवं छात्राओं को अधिकारियों का परिचय कराया तत्पश्चात कार्यक्रम की शुरुआत की गई सर्वप्रथम डीडीएम नाबार्ड जैना जी ने कहां की वित्तीय समझदारी सशक्त नारी पर जो यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है इसमें महिला जब सशक्त होंगी तभी घर एवं समाज सशक्त होगा एलडीएम मऊगंज श्रीमती अग्रवाल ने कहा वित्तीय साक्षरता के कार्यक्रम ग्राम पंचायत महाविद्यालय में अक्सर होते रहते हैं परंतु जो आज का आयोजन लड़कियों के बीच में किया गया है हम कहना चाहती हूं कि आज किसी भी क्षेत्र में देख ले हर जगह लड़कियां बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं और सभी पदों पर लड़कियां बैठी हैं यहां तक की भारत की राष्ट्रपति भी नारी है इसलिए आप लोगों को अपने आप में आत्मविश्वास रखने की जरूरत है आप किसी से काम नहीं है कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एलडीओ श्री मोरे जी ने कहां की वित्तीय समझदारी सशक्त नारी कार्यक्रम का आयोजन लड़कियों के बीच में ही क्यों करना पड़ा इसलिए कि जिस घर की नारी आर्थिक रूप से सशक्त होती है वही घर एवं समाज सशक्त होता है इसलिए आप लोगों से विशेष आग्रह है कि आप लोग जो घर में कुल्हड़ में पैसा रखती है उसको बैंक में रखें क्योंकि आपका पैसा भी सुरक्षित रहेगा और उससे आपको ब्याज भी मिलेगी परंतु यदि घर में रखेंगे तो चोरी का भी भय बना रहता है आज डिजिटल इंडिया का जमाना है सभी लोगो के पास एटीएम है आप जब चाहे तब पैसा निकाल सकते हैं मोबाइल से ट्रांसफर कर सकते हैं परंतु एक विशेष बात ध्यान देने की आवश्यकता है की अपना पासवर्ड या पिन नंबर किसी को ना बताएं चाहे आपका कितना भी सगा संबंधी हो क्योंकि यदि आपका पासवर्ड कोई दूसरा व्यक्ति जान जाएगा तो आपकी आर्थिक नुकसान हो सकती है इसलिए आप लोगों को बहुत समझदारी से कार्य करना कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि यह बहुत ही सौभाग्य का विषय है कि हमारे महाविद्यालय में कितना सुंदर आयोजन हुआ और हमारे बड़े-बड़े महत्वपूर्ण विभागों के अधिकारी आए और हमारी छात्राओं को बहुत महत्वपूर्ण जानकारी दी गई इसके लिए महाविद्यालय परिवार धन्यवाद जपित करता है कार्यक्रम में महाविद्यालय स्काई एवं सैकड़ो छात्राएं उपस्थित रहे ।